# बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए तैयार करें रोडमैप : प्रभारी सचिव

**कोटा,** (निसं)। जिला प्रभारी सचिव टी.रविकांत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, आपदा प्रबंधन व मौसमी बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए त्वरित गति से कार्य हो। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के क्रियान्वयन के लिए विभागों की तैयारी एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि संभाग एवं जिला स्तर की बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए कितने टाईम पीरियड में कौन-कौन से कार्य होंगे इसका खाका तैयार किया जाऐं। जिला प्रभारी सचिव ने संभाग मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स योजना के तहत प्रत्येक जिले में प्रचलित खेल की अकादमी स्थापित करने संबंधी बजट घोषणा के लिए भूमि उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कोटा में स्टोन मंडी की स्थापना एवं वर्तमान स्टोन क्लस्टर के उन्नयन, संभाग मुख्यालय पर लड़कियों के लिए सैनिक स्कूल खोलने की बजट घोषणा के लिए भूमि चिन्हिकरण एवं प्रस्ताव तैयार करने, दीगोद एवं चेचट में महाविद्यालय खोलने, नशा मुक्ति केन्द्र की स्थापना, संभाग स्तर पर वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों के लिए स्वयं सिद्ध आश्रम की स्थापना, रामगंजमंडी में महिला पुलिस थाना खोलने, सुकेत रोड़ रामगंजमंडी में नवीन पुलिस चौकी स्थापित करने, भामाशाह कृषि उपज मंडी कोटा के विस्तार, सीएचसी काशीपुरी (सांगोद) को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, सीएचसी इटावा एवं रामगंजमंडी को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, मांदलिया (लाड़पुरा) पशु चिकित्सा उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, केटल फीड प्लांट स्थापित करने सहित अन्य बजट घोषणाओं को क्रियान्वित करने के लिए अभी तक की गई तैयारियों एवं भूमि आवंटन के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन से संबंधित राज्य स्तरीय मामलों को विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत् रूप से जयपुर जाकर प्रक्रिया पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ कोटा से सीएचसी-पीएचसी के निरीक्षण के बारे में पूछा तथा डेंगू एवं मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए पर्याप्त दवाएं एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने उप वन संरक्षक से डायवर्जन के लंबित प्रस्तावों, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से बारिश के मौसम में सड़कों पर गड्ढे भरने एवं टूटी सड़कों की मरम्मत के उपायों, नगर निगम के आयुक्त से ओडीके एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता से बारिश के मौसम में पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी की सेंपलिंग एवं क्लोरीनेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों से छात्रावासों के निरीक्षण, एसडीएम कोर्ट के आदेशों को ई-पोर्टल पर अपलोड करने के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मानसून को देखते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, ट्रांसफार्मर को निश्चित ऊंचाई पर रखने एवं विद्युत जनित हादसों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग से इन्वेस्टर समिट की जानकारी लेते हुए पूर्व में दिए गए निर्देशों की पालना करने के लिए कहा। प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी फाईलें ई-फाईल के माध्यम से ही भेजी जाएं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि सभी विभागों को फाईलें राज-काज के माध्यम से ही भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यवाही में तेजी लाने एवं भूमि आवंटन सहित अन्य प्रक्रियाओं में आ रही बाधाओं के बारे में समय पर अवगत कराने को कहा गया हैं। बैठक में बताया कि मिशन 30 के तहत सम्पर्क पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति से किया जा रहा है। जानकारी दी गई कि दिसम्बर तक परिवादों के निस्तारण का समय 34 दिन था जो घटकर जुलाई माह में 10 दिन हो गया है। इसको और कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



कोटा में प्रभारी सचिव ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## कार सेवा का महाकुंभ

**कोटा,** (निसं)। जथेदार बाबा लक्खा सिंह एवं बाबा बलविंदर सिंह की अगुवाई में गुरुद्वारा अगमगढ़ साहिब बड़गांव कोटा की नई उसारी जा रही इमारत की कार सेवा आरंभ की गई। इस मौके पर बाबा लक्खा सिंह के सहायक जत्थेदार साहिबान बाबा हरजीत सिंह, बाबा जस्सा सिंह, बाबा शेर सिंह, डॉक्टर जसवंत सिंह आदि ने उपस्थित होकर कार सेवा का प्रबंध संभाला। गुरुद्वारा में धार्मिक दीवान सजाया गया जिसमें हजूरी रागी भाई परमिंदर सिंह ने कीर्तन द्वारा हाजिरी भरी। कथा वाचक ज्ञानी गुरनाम सिंह अम्बालवी ने मनुष्य जन्म को सफल बनाने का साधन सेवा और सिमरन को बताते हुए संगत को प्रेरित किया। कार सेवा की प्रारंभता की अरदास मुख्य ग्रंथी साहिब सिंहजी ने की। कार सेवा में भाग लेने के लिए राजस्थान के अलावा पंजाब, मध्यप्रदेश और गुजरात से भी कार सेवक आये। बुधवार से गुरुद्वारा साहिब की बेसमेंट का सी.सी. शुरू किया गया और निरंतर 2.00 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा कार सेवा की गई। बाबा लक्खा सिंह जी और बाबा बलविंदर सिंह जी कार सेवा स्थल पर निरंतर उपस्थित रहकर कार सेवकों को प्रेरित करते रहे। हजारों संगत का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर बाबा जी की तरफ से गुरु के लंगर के साथ-साथ कार सेवकों के लिए मिठाई, पकौड़े और फल फ्रूट अटूट वितरित किए गए। इस मौके पर सिख प्रतिनिधि समिति के अध्यक्ष तरुमीत सिंह बेदी, सिख धर्माचार्य ज्ञानी गुरनाम सिंह अम्बालवी एवं अन्य गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### हरियाली तीज पर किया पौधारोपण

**कोटा,** (निसं)। ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी कोटा के द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा के मल्टीपरपज पार्किंग में चारों ओर खाली पड़े क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जम्बू कुमार जैन ने कहा कि हमारी धरा की सुंदरता वृक्षों से ही होती है और वृक्ष सघन होंगे तो हमारा जीवन निरोगी और सुविधायुक्त होगा। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी से रितेश जैन, हरमीत सिंह, नरेंद्र जैन, रजनीश मोहता, अंकुर गोधा, राकेश बाफला, विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा गुप्ता, यूथ इको क्लब प्रभारी पूजा खैरवाल (उप प्राचार्य), कृष्ण कुमार शर्मा व्याख्याता, निशा जैन व्याख्याता, महेश पाल जादौन वरिष्ठ अध्यापक व विद्यालय के अन्य अध्यापक सहित सभी बालिकाओं ने जोश, उमंग और उत्साह से पौधारोपण किया। ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी कोटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान सुविचार से प्रेरित होकर ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाईटी कोटा द्वारा इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को एक महाअभियान के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा गुप्ता ने सभी छात्राओं को पेड़ों का महत्व समझाते हुए कहा कि पेड़ ही हमें ग्लोबल वार्मिंग जैसी दुर्घटनाओं से बचा सकता है, पेड़ों के कटने से धरती का तापमान बढ़ रहा है, पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकते है, लेंड स्लाईड रोकने के लिए पेड़ आवश्यक है। टीम ग्रीन आर्मी ने छात्राओं व अध्यापक के साथ मिलकर 101 नीम, जामुन, गुलमोहर, शीशम, बादाम, कदम आदि के पौधों का रोपण किया।

### सी.एस.सी. संचालकों ने लिया प्रशिक्षण

**कोटा,** (निसं)। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इनफार्मेशन के तहत संचालित सीएससी संचालकों को कोटड़ी चौराहे पर स्थित पिनामल फाईनेंस कंपनी के ऑफिस मे प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे सीएससी संचालको को ट्रेंनिग दी गई। सीएससी जिला सहायक प्रबंधक लोकेश भट्ट व विकास तुरावा ने बताया कि कंपनी की और से सीएससी संचालको को होम लोन व बिजनेस लोन की ट्रेंनिग दी। साथ सेल्स मार्केटिंग, सर्विस डिपार्टमेंट के विषय में जानकारी दी और अब कोटा जिले में ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्र मे 1500 संचालित सीएससी केंद्रों पर पिरामल फाइनेंस होम लोन,बिजनेस लोन, मोरगेज लोन की सुविधा शुरू की। और सीएससी केंद्रो पर लोन के लिये आवेदन करने का कोई भी चार्ज नही दिया जायेगा। और पहले उन्हे प्रोसेसिंग फीस भी नही देनी होगी। ट्रेनिंग में पिरामल फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर कुशाग्र नागर और डिविजन हैड तिलोक सेन ने सीएससी संचलको को होम लोन, बिसनेश लोन सर्विसेज की ट्रेंनिंग दी। सीएससी संचालक लोकेश कश्यप, गजानंद सैनी,नीरज, मंगिलाल इमरान, मनीष, मनोज, नरेश इत्यादि उपस्थित रहे।

## विभाग ने जारी की एमनेस्टी योजना

**कोटा,** (निसं)। जयपुर डिस्कॉम ने कोटा शहर समेत डिस्कॉम क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं को अपने कटे हुए कनेक्शन पर बकाया राशि का भुगतान बिना ब्याज व पेनल्टी के जमा कराने की सुविधा दी है।

31 दिसंबर 2023 तक के कटे कनेक्शन वाले सभी श्रेणी के उपभोक्ता यदि एक मुश्त मूल बकाया राशि जमा कराते हैं तो उनसे बकाया राशि पर कोई ब्याज व पेनल्टी नहीं ली जाएगी। केईडीएल के सीओओ शांतनु भट्टाचार्य ने बताया कि जयपुर डिस्कॉम की फ्रेंचाइजी कंपनी होने के नाते केईडीएल की ओर से भी कोटा शहर के अपने उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। 31 दिसंबर 2023 तक के कटे कनेक्शन वाले केईडीएल के कोटा शहर के उपभोक्ता भी बिना ब्याज व पेनल्टी के बकाया राशि एकमुश्त जमा करा सकते हैं। इसके लिए संबंधित सहायक अभियंता कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। यदि विद्युत बिल राशि से संबंधित कोई मामला न्यायालय में लंबित है एवं उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेना चाहता है, तो उपभोक्ता द्वारा एक महीने के अन्दर न्यायालय से प्रकरण वापस लिए जाने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा प्रकरण वापसी की स्वीकृति प्रस्तुत करनी होगी।

यदि उपभोक्ता का मूल बकाया से संबंधित कोई विवाद है एवं वह निस्तारण करवाना चाहता है तो उसे पहले संबंधित उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सीजीआरएफ में आवेदन करना होगा। जिस उपभोक्ता ने गत तीन वर्षों में ऐसी योजना का लाभ ले लिया है, उनके लिए यह योजना उपलब्ध नहीं होगी। इस योजना में बिजली चोरी व दुरुपयोग के मामले शामिल नहीं किए जाएंगे। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक ही प्रभावी रहेगी।

## योजनाओं का लाभ ले युवा : बिरला

**कोटा,** (निसं)। सिंधु यूथ सर्कल एवं सिंधी समाज के युवाओं ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनसे मुलाकात की। कोटा के सिंधी समाज के युवाओं ने संसद का भ्रमण किया, युवाओं ने संसद भ्रमण के दौरान कहा कि इतना सुंदर और भव्य भवन हमारे गौरव का प्रतीक है, इसे देखकर मन में देशभक्ति के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मुलाकात की। वहीं उन्होंने राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से भी मुलाकात की। मंत्री नागरने सिंधी समाज के युवाओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आगे आने और सौर उर्जा के क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सिंधी समाज के युवाओं से चर्चा की और युवाओं का रुझान किस व्यापार की और है, इस पर भी उनसे बात की। बिरला ने उन्हें बताया कि केन्द्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो युवाओं को नई दिशा दे रही है, उनके व्यापार में मदद कर रही है, स्टॉर्टअप में भी केन्द्र सरकार मदद कर ही हैं जिससे लाखों युवा रोजगार से जुड़कर देश सेवा कर रहे हैं। दीपक राजानी के नेतृत्व में युवाओं ने बताया कि उनका रुझान व्यापार में तो है ही सही लेकिन अब सिंधी समाज का युवा प्रशासनिक क्षेत्र के साथ ही नए-नए स्टार्टअप और केंद्र सरकार की योजनाओं से मिल रहे लाभ के कारण भी आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर ओम बिरला का युवाओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




कोटा में डीसीएम श्रीराम के द्वारा पौधारोपण किया गया

**कोटा,** (निसं)। डीसीएम श्रीराम, कोटा कॉम्प्लेक्स ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने कारखाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में उप निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर, श्री ऋषभ जैन और संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने इस पहल को और भी महत्त्वपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में डीसीएम श्रीराम, कोटा के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर उप निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर, श्री ऋषभ जैन ने पर्यावरण संरक्षण के इस महत्त्वपूर्ण कदम की सराहना की।

डीसीएम श्रीराम, कोटा के कार्यकारी निदेशक एवं रेजिडेन्ट हेड, वीनू मेहता ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि "हमारा उद्देश्य न केवल हमारे कारखाना परिसर को हरा-भरा बनाना है अपितु पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारे उत्तरदायित्वों को भी प्रकट करना है। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण के महत्त्व और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में चर्चा की। यह पहल संस्थान की पर्यावरण के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में ऋषभ जैन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे ही पर्यावरणीय पहल करने का आग्रह किया।

## यूथ कांग्रेस की बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। यूथ कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आज गुरूवार को दोपहर 2 बजे कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यूथ कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डू ने बताया कि इस बैइक में यूथ कांग्रेस के जिला पदाधिकारीगण, विधानसभा अध्यक्षगण, कार्यकारिणी के सदस्यएवं अन्य साथी और जो भी नए साथी जो हमारे युवक कांग्रेस के संगठन से जुड़ना चाहते हैं ब्लॉक, जिला, प्रदेश स्तर पर जिन्होंने आवेदन किए हुए हैं या इच्छा रखते है सभी कोटा शहर जिला कांग्रेस कार्यालय गुमानपुरा में महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हो सकते हैं।

## बूंदी में किसान की मौत

**बून्दी,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के नीम का खेड़ा में बुधवार दोपहर अपने खेत पर किट नाशक का छिड़काव करते समय किसान अचेत हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर नीम का खेड़ा निवासी किसान रामप्रसाद रेगर अपने खेत पर किट नाशक का छिड़काव कर रहा था तभी वह अचेत हो गया। जिसके बाद साथी किसान व परिजन किसान को लेकर जिला अस्पताल लाये जहाँ चिकित्सको ने परीक्षण के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया।

## यादव ने 29वीं बार डोनेट की एसडीपी

**कोटा,** (निसं)। कोटा ग्रामीण क्षेत्र के पेशेंट रामजीलाल का हीमोग्लोबिन कम हो गया था साथ ही प्लेटलेट भी निरंतर गिरती चली जा रही थी। ऐसे में निजी चिकित्सालय के चिकित्सक ने शीघ्र ही एसडीपी के लिए कहा, परिजन विशाल ने ब्लड बैंक से ही कई जगह फोन किया लेकिन डोनर की व्यवस्था नहीं हो सकी। ऐसे में टीम जीवन दाता से संपर्क में आने के बाद उन्हें शीघ्र ही ए पॉजिटिव एसडीपी उपलब्ध कराई गई। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज को शीघ्र प्लेटलेट्स चढ़ाई जानी थी। ऐसे में ए पॉजिटिव डोनर प्रज्ञेश यादव को कॉल किया, वह मंडी में माल उतरवाने के काम में व्यस्त थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निर्णय लिया और वह अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 29वीं बार एसडीपी डोनेशन किया है इससे पूर्व वह 18 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं।

## कोटा में पी.एम. सूर्य घर योजना के लिए किया जागरूक

**कोटा,** (निसं)। केईडीएल की ओर से उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान व पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए गोबरिया बावड़ी स्थित एईएन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया।

उपखण्ड ए-1 व ए-6 के उपभोक्ताओं के लिए आयोजित इस शिविर में उपभोक्ताओं की बिल संबंधी, नए कनेक्शन, सप्लाई से संबंधित आदि सभी समस्याओं का समाधान किया गया। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा जिन समस्याओं के समाधान में एक या दो दिन का वक्त लगेगा उनके आवेदन ले लिए गए तथा इन समस्याओं को अब प्राथमिकता के साथ शीघ्र दूर किया जाएगा। केईडीएल के सीओओ शांतनु भट्टाचार्य ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के साथ ही शिविर में पीएम सूर्य घर योजना के प्रति उपभोक्ताओं में जागरूकता लाने के लिए उपभोक्ताओं को इस योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। इस योजना की जानकारी से संबंधित जागरूकता पत्रक भी उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। उन्हें इस योजना के तहत आवासीय घरों पर सोलर सिस्टम स्थापित करने में मिलने वाली सब्सिडी के बारे में भी बताया गया। केईडीएल की ओर से राज्य सरकार की ओर से शुरू किए गए पौधारोपण अभियान के तहत शिविर के साथ-साथ पौधारोपण भी किया गया। केईडीएल के सीओओ शांतनु भट्टाचार्य, तकनीकी हैड अनोमित्रो ढाली, हैड सीआरएम राजेश पटौदी, हैड एचआर बिमल कुमार समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने यहां पौधारोपण किया। इसके साथ ही केईडीएल की ओर से डीसीएम पॉवर हाउस के पास स्थित स्टोर परिसर, उपखण्ड कार्यालय बी-3 नयापुरा परिसर, सकतपुरा जीएसएस परिसर, एमएलएस जीएसएस परिसर में भी पौधरोपण किया गया।

■ केईडीएल ने गोबरिया बावड़ी स्थित एईएन कार्यालय में लगाया शिविर



कोटा में निजी विद्युत कंपनी के द्वारा शिविर आयोजित कर जानकारी दी गई।

## 21 पौधे रोपे

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद सुभाष शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के तहत वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम महावीर नगर तृतीय में किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन 21 पौधों का रोपण महावीर नगर तृतीय ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइडर पर किया गया। अभियान के अंतर्गत बिल्व, नीम आदि औषधीय महत्व के तथा छायादार वृक्षो के पौधे लगाए गए।

## स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री एवं कोटा प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक का जीएमए प्लाजा सभागार में भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने साफा, शॉल पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम सागर से बदलकर नया नाम सागर कुशलानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सागर कुशलानी पुत्र जयदेव 229 रायल सन सिटी थेकड़ा रोड बोरखेड़ा कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम बुरहानुद्दीन से बदलकर नया नाम बुरहानुद्दीन तालिब रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-बुरहानुद्दीन तालिब पुत्र अली हुसैन 303 इस्माईलपुरा सुनेल झालावाड़

**नाम परिवर्तन**

यह कि हम 1. वरुण गर्ग (पिता) 2. हेमलता अग्रवाल हमने अपनी पुत्री का पुराना नाम RIDHAM AGRAWAL से बदलकर नया नाम RIDHAM AGARWAL रख दिया है। भविष्य में हमारी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-RIDHAM AGARWAL D/o VARUN GARG सदर बाजार देवली रोड टोंक

**न्यायालय जिला जज, कोटा (राजस्थान)**

889 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संख्या
01.08.24 CM 95/2024

रमा कुमारी वर्मा पत्नी श्री रामावतार वर्मा उम्र 64 वर्ष निवासी 3-ल-16 विज्ञान नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान ... प्रार्थीया

- बनाम -

1. हेमलता नामा पुत्री रामावतार वर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी 3-ल-16 विज्ञान नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान
2. बैंक ऑफ बड़ौदा, जयपुर गोल्डन, रामपुरा बाजार, कोटा
3. यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, एरोड्राम सर्किल, गुमानपुरा, कोटा
4. सर्वसाधारण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**आम सूचना**

यह कि प्रार्थीया रमा कुमारी वर्मा पत्नी श्री रामावतार वर्मा उम्र 64 वर्ष निवासी 3-ल-16 विज्ञान नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान ने स्वर्गीय गोपालबाल कृष्ण पुत्र श्री बालकृष्ण निवासी 3-ल-16 विज्ञान नगर, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान जिनकी मृत्यु दिनांक 26.05.2024 को हो चुकी है जिनके नाम अप्रार्थी बैंक के पास बचत खाता में जमा राशियों के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने की सहायता हेतु आवेदन पेश किया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को स्वर्गीय गोपालबालकृष्ण का प्रार्थीया को वारिस घोषित किये जाने के सम्बंध में बैंक में जमा राशियों व सम्पत्ति इत्यादि के सम्बंध में कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19.09.2024 को समय 10 AM तक पेश करें अन्यथा अनुपस्थिति में एक पक्षीय आदेश पारीत कर दिया जावेगा। आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जनरल नोटिस जारी किया जाता है।

दिनांक 01.08.2024 — न्यायालय के आदेश से, वरिष्ठ मुंसरिम, जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.) — (मुद्रा)

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/8020 — दिनांक: 7.8.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार जोशी पुत्र स्व. श्री बालमुकन्द जोशी निवासी 212 साबरमती रोड आदर्श बाल स्कूल के पास रेतवाली कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या-रेतवाली कोटा क्षेत्रफल 1360 वर्गफुट का कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण 69-क-पट्टा-विलेख (फ्री होल्ड) आवासीय कोटा के क्रमांक/केम्प/2023/713 दिनांक 01.10.2023 से श्रीमती शशिकला पत्नी श्री बालमुकन्द जोशी को पट्टा जारी किया गया। श्रीमती शशिकला पत्नी श्री बालमुकन्द जोशी की मृत्यु दिनांक 19.01.2024 एवं श्री बालमुकन्द जोशी की मृत्यु दिनांक 31.05.2012 को हो चुकी है। दोनों की मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री सतीश कुमार जोशी पुत्र स्व. श्री बी.एम. जोशी ने उक्त भूखंड में से अपना हक श्री अनिल कुमार जोशी पुत्र स्व. श्री बालमुकन्द जोशी के पक्ष में पंजीकृत हक त्यागपत्र दिनांक 30.03.2024 से त्याग दिया है। श्री अनिल कुमार जोशी पुत्र स्व. श्री बालमुकन्द जोशी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**कार्यालय भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी, दीगोद (कोटा)**

क्रमांक :- 2053 — दिनांक :- 07/08/2024

**आम सूचना**

**(अन्तर्गत भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-5)**

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-5 एवं राज्य सरकार के नियम, 2016 के नियम-7 के प्रावधानुसार जिला कोटा की तहसील दीगोद के प्रभावित ग्रामों में रामगढ़ एवं महलपुर बैराज और नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत नवनेरा पम्प हाउस के निर्माण हेतु निजी खातेदारी का अधिग्रहण किया जाना है। अतः भूमि अर्जन हेतु निम्न ग्रामों के प्रभावित व्यक्ति/हितधारकों की जनसुनवाई बैठक भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नानुसार आयोजित की जायेगी।

| क्र.सं. | तहसील | ग्रामपंचायत | ग्राम | दिनांक | समय | जनसुनवाई स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला कोटा | | | | | | |
| 1 | दीगोद | कोटड़ादीपसिंह | एबरा | 02.09.2024 | 02.30 बजे से | ग्राम पंचायत भवन कोटड़ादीपसिंह |

अतः इस जनसुनवाई में भूमि अवाप्ति से समस्त प्रभावित हितधारकों/खातेदारों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सुझाव अपेक्षित है।

भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी, दीगोद, (कोटा)

राज.संवाद/सी/24/3488

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-1284 — **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** — दिनांक 7.8.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-सी आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 821 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 18.03.2016 को श्री अंकित सिंह डोगरा पुत्र श्री विजय सिंह डोगरा को किया गया था। आवंटी श्री अंकित सिंह डोगरा पुत्र श्री विजय सिंह डोगरा द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री विजय सिंह डोगरा पुत्र श्री बलवंत सिंह डोगरा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.07.24 को श्रीमती साधना बाई पत्नि श्री कृष्णावतार को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 821 योजना श्रीनाथपुरम-सी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती साधना बाई पत्नि श्री कृष्णावतार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ/तहसील/क.ब./2024/770 — दिनांक 7.8.2024

**नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना**

नगर विकास न्यास द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के तहत सर्वे संख्या 339 कच्ची बस्ती हरिओम नगर का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/405 दिनांक 12.02.2013 को श्रीमती जमना बाई पत्नि श्री लालचन्द कश्यप को आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती जमना बाई का स्वर्गवास दिनांक 22.03.2022 को हो जाने के कारण विधिक वारिसानो द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 07.06.2023 को शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री प्रेमचन्द कश्यप पुत्र स्व.श्री लालचन्द कश्यप उर्फ लालू कश्यप ने स्वयं के नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अतःउक्त नाम हस्तानांतरण के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तानांतरण श्री प्रेमचन्द कश्यप पुत्र स्व.श्री लालचन्द कश्यप उर्फ लालू कश्यप के नाम कर दिया जावेगा।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ/तहसील/क.ब./2024/767 — दिनांक 1.8.24

**नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना**

नगर विकास न्यास द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के तहत सर्वे संख्या 494 कच्ची बस्ती इन्द्रा गांधी नगर का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/902 दिनांक 26.07.2013 को श्री रूप किशोर शर्मा पुत्र श्री धुरेलाल शर्मा को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रूप किशोर शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 04.10.2018 को हो जाने के कारण विधिक वारिसानो द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 17.03.2017 को शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री देवेन्द्र शर्मा पुत्र स्व.श्री रूपकिशोर शर्मा ने स्वयं के नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अतः उक्त नाम हस्तानांतरण के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का हस्तानांतरण श्री देवेन्द्र शर्मा पुत्र स्व.श्री रूपकिशोर शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024/848 — दिनांक 7.8.2024

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना आनन्दपुरा भूखण्ड संख्या 160 का आवंटन क्रमांक 79 दिनांक 21.05.1986 को श्री मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री रजाक मोहम्मद के नाम आवंटन किया गया था। जिसके उपरान्त क्रेता श्री मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री रजाक मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 13.12.1996 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री रजाक मोहम्मद के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री इनायत हुसैन पुत्र स्व. श्री मोहम्मद हुसैन द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 160 आनन्दपुरा अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 160 आनन्दपुरा का नाम हस्तान्तरण श्री इनायत हुसैन पुत्र स्व.श्री मोहम्मद हुसैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास कोटा

